भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 80 | बिजौलिया - गुरुवार ,05 नवम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

अमेरिकी चुनाव में पांच भारतवंशी जीते, ट्रम्प ने विवेक रामास्वामी का प्रचार किया, फिर भी हार गए

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में भारतीय मूल के पांच नेताओं ने प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीतकर अपनी जगह बनाई है। सभी पांचों विजेता डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं। इनमें एमी बेरा, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, सुहास सुब्रमण्यम और पिया दांडिया शामिल हैं। वहीं अमीष शाह भी अपने क्षेत्र में आगे चल रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2024 के चुनाव में छह भारतीय मूल के नेता प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए थे।

कैलिफोर्निया के तीसरे संसदीय क्षेत्र से एमी बेरा ने लगातार आठवीं बार जीत दर्ज की। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रॉब टकर को 23 हजार से अधिक मतों से हराया। वहीं कैलिफोर्निया के 17वें क्षेत्र से रो खन्ना लगातार छठी बार सांसद चुने गए। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रितेश टंडन को 42 हजार से अधिक मतों से पराजित किया।

वॉशिंगटन के सातवें संसदीय क्षेत्र से प्रमिला जयपाल ने भी लगातार छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार नीरव शेठ को 1.52 लाख से अधिक मतों से हराया। प्रमिला वर्ष 2017 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहुंचने वाली पहली भारतीय मूल की महिला हैं।

वर्जीनिया के दसवें संसदीय क्षेत्र से सुहास सुब्रमण्यम दूसरी बार सांसद चुने गए। उन्हें 61.5 प्रतिशत से



प्रतीकात्मक इमेज


अधिक मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डेव बेकविथ को 36.4 प्रतिशत मत मिले। सुहास पेशे से वकील हैं और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में व्हाइट हाउस में तकनीकी नीति सलाहकार के रूप में काम कर चुके हैं।

फ्लोरिडा के 22वें संसदीय क्षेत्र से पिया दांडिया ने पहली बार जीत दर्ज की। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी अस्कर को हराया। पिया को 51.9 प्रतिशत और अस्कर को 48.1 प्रतिशत मत मिले। पिया के माता-पिता भारत से अमेरिका गए थे। राजनीति में आने से पहले वह शिक्षिका थीं।

ट्रम्प और जेडी वेंस ने किया प्रचार, फिर भी हारे रामास्वामी

भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी को ओहायो के गवर्नर चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन ने उन्हें दो लाख से अधिक मतों से हराया। रामास्वामी के समर्थन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चुनाव प्रचार किया था। इसके बावजूद वह जीत हासिल नहीं कर सके।

डिवाइडर पार कर बस से टकराई कार, दो युवकों की मौत



भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।

ऋषभदेव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रही निजी वीडियो कोच बस से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों युवक अंदर ही फंस गए। पुलिस और बचाव दल ने काफी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला।

हादसा रात करीब 11:30 बजे कानुवाड़ा गांव के मोड़ पर हुआ। दोनों युवक कागदर गांव से ऋषभदेव की ओर आ रहे थे। मृतकों की पहचान योगेंद्र कुमार (31) पुत्र भगवतीलाल कलाल निवासी सेमारी, सलूंबर और पीयूष मीणा (23) पुत्र भैरूलाल मीणा निवासी ऋषभदेव के रूप में हुई है। दोनों युवक शराब के ठेके पर काम करते थे।

कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ पहुंच गई। इसी दौरान सामने से आ रही बस से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के कारण कार का बोनट बुरी तरह टूट गया और वाहन पिचक गया। दोनों युवकों के शव कार में फंस गए, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे में बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

दीपावली पर भीलवाड़ा में बदलेगी यातायात व्यवस्था, कल से 8 नवंबर तक रहेगा रूट डायवर्जन

धनतेरस से दीपावली तक वन-वे व्यवस्था लागू, बाजारों में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित; 12 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था

भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर।

भीलवाड़ा। धनतेरस, रूप चतुर्दशी एवं दीपावली पर्व के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। इसके तहत 6 से 8 नवंबर तक शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। वहीं, दीपावली के दिन 8 नवंबर को दोपहर 2 बजे से अतिरिक्त यातायात प्रतिबंध एवं रूट डायवर्जन प्रभावी होगा।

यातायात पुलिस के अनुसार, बाजारों में खरीदारी के लिए आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को सफेद लाइन के अंदर ही वाहन पार्क करने होंगे, जबकि चौपहिया वाहन सड़क पर खड़े नहीं किए जा सकेंगे। पेयजल आपूर्ति करने वाले टेम्पो और अन्य लोडिंग वाहनों को सुबह 9 बजे से पहले ही बाजारों में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद इनका प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

इन मार्गों पर रहेगी वन-वे व्यवस्था

मुरली विलास टी-पॉइंट, छिपा बिल्डिंग से लोकजीवन वन-वे आजाद चौक, गर्ग पेट्रोल पंप, सीतारामजी की बावड़ी, फ्रेंड्स मेडिकल के पास सेवा सदन रोड, भीमगंज चौराहा-भोपाल क्लब, नगर परिषद चौराहा और कोतवाली चौराहे पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू रहेगी।

12 स्थानों पर होगी पार्किंग

वाहनों की पार्किंग के लिए चित्रकूटधाम नगर परिषद के पास, राजकीय पशु चिकित्सालय के पास, हरिसेवा धाम के पीछे, आजाद चौक, रेलवे स्टेशन परिसर, स्टेशन चौराहा मस्जिद के पास, महात्मा गांधी अस्पताल परिसर, भोपाल क्लब, अरबन को-ऑपरेटिव बैंक के सामने, नगर परिषद परिसर, मुरली विलास रोड से राजेंद्र मार्ग होते हुए कोतवाली तक दक्षिण दिशा में एक तरफ तथा लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड पर दक्षिण दिशा में एक तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इनमें निर्धारित स्थानों पर दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों को अलग-अलग पार्क करना होगा।

इन बाजारों में वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

दीपावली के दौरान मुरली विलास रोड से बाजार नंबर-2, स्टेशन रोड से सदर बाजार, मशीनरी मार्केट से आजाद चौक की ओर ब्यावर वाला हलवाई गली, बाजार नंबर-3 लौहिया मार्केट गली, नानक की दुकान वाले गेट से गोल प्याऊ, छिपा बिल्डिंग से गोल प्याऊ, सूचना केंद्र से आजाद चौक, सेवा सदन से सूचना केंद्र, अस्पताल मुख्य द्वार से गांधी मार्केट, लक्ष्मीनारायण मंदिर मार्ग की बाजार नंबर-2 गली, हेड पोस्ट ऑफिस से गोल प्याऊ, एलआईसी ऑफिस से सुभाष मार्केट तथा आरएसईबी कार्यालय से इंद्रा सर्कल और बड़ौदा बैंक से सुभाष मार्केट मार्ग पर वाहनों का प्रवेश निषिद्ध रहेगा।

शहर में आने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन

राजेंद्र मार्ग-मुरली विलास रोड से एसबीआई सायंकालीन शाखा, नगर निगम चौराहा, कोतवाली चौराहा और राजस्थान दाल बाटी रोड होते हुए रेलवे स्टेशन, सरकारी दरवाजा, गोल प्याऊ, इंद्रा सर्कल एवं सूचना केंद्र की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।


इसी प्रकार मेवाड़ चैंबर से भोपाल क्लब, फ्रेंड्स मेडिकल के पास सेवा सदन रोड तथा आजाद चौक से ब्यावर वाली गली, रोडवेज डेयरी, झूलेलाल सर्कल और रेलवे स्टेशन की ओर से उक्त शहर क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा भीमगंज थाने से गुलमंडी होते हुए बड़ा मंदिर और झलकारी बाई सर्कल तक बड़े वाहनों एवं सवारी टेम्पो का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

6 नवंबर से वन-वे व्यवस्था लागू होगी, जबकि अन्य यातायात प्रतिबंध एवं डायवर्जन 8 नवंबर को दीपावली के दिन दोपहर 2 बजे से प्रभावी होंगे। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की है, ताकि त्योहार के दौरान शहर में जाम की स्थिति न बने।

सांवरिया सेठ के मंदिर में श्रद्धालु बनकर पहुंचा चोर, पूजा-अर्चना के बाद चांदी के आभूषण लेकर हुआ फरार

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, मुकुट, बांसुरी सहित करीब 2 लाख रुपये के आभूषण चोरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



आस्था के केंद्र मंदिर में चोरी की एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसमें आरोपी ने पहले श्रद्धालु की तरह भगवान के दर्शन किए, परिक्रमा लगाई और हाथ जोड़कर धोक लगाई। इसके बाद मौका देखकर भगवान सांवरिया सेठ की प्रतिमा पर चढ़ाए गए चांदी के आभूषण समेटकर वहां से निकल गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना में करीब दो लाख रुपये के आभूषण चोरी होने की जानकारी सामने आई है। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

मामला मांडल कस्बे की मोहन कॉलोनी स्थित सांवरिया सेठ मंदिर का है। जानकारी के अनुसार, मंदिर के पुजारी बुधवार सुबह नियमित पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पट बंद कर दोपहर करीब एक बजे घर चले गए थे। शाम करीब पांच बजे जब वे वापस मंदिर पहुंचे और पट खोले तो भगवान की प्रतिमा पर सजाए गए चांदी के आभूषण गायब मिले। मंदिर में सामान बिखरा नहीं होने के बावजूद आभूषण गायब देखकर पुजारी ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

फुटेज में काली शर्ट और टोपी पहने एक व्यक्ति मंदिर में प्रवेश करता नजर आया। उसकी पीठ पर बैग भी लटका हुआ था। आरोपी ने मंदिर में पहुंचकर पहले भगवान की परिक्रमा की और हाथ जोड़कर प्रार्थना करने के बाद धोक लगाई। इसके बाद उसने बड़ी सफाई से भगवान का चांदी का मुकुट, बांसुरी, हाथों के आठ कड़े और पैरों के दो कड़े उतारकर अपने बैग में रख लिए।

सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के अनुसार, आरोपी ने दोपहर करीब 3 बजकर 2 मिनट पर वारदात को अंजाम दिया और आभूषण लेकर मंदिर से बाहर निकल गया। चोरी हुए चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद श्रद्धालुओं में नाराजगी फैल गई। सूचना पर मांडल पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। दिनदहाड़े मंदिर में हुई इस वारदात के बाद श्रद्धालुओं ने चोरी गए आभूषणों की बरामदगी और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट ने घोषित की नई कार्यकारिणी, जिलेभर में जिला प्रतिनिधियों की भी नियुक्ति

वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित विभिन्न पदों पर पत्रकारों को सौंपी जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रेस क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुखपाल जाट ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। 4 नवंबर को जारी सूची में विभिन्न पदाधिकारियों के साथ कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के जिला प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इससे पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष के रूप में सुखपाल जाट एवं महासचिव के रूप में राजेश मेठानी की घोषणा हो चुकी है। अब अध्यक्ष ने शेष कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदों की जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

घोषित कार्यकारिणी में सतीश वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मूलचन्द पेशवानी, ललित ओझा, ओम कसारा, मधु जाजू एवं प्रहलाद राय तेली को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कृष्णगोपाल गोयल, राहुल कौशिक, रतन लाल प्रजापति, अतुल अग्रवाल, योगेश शर्मा, नरेश पारीक एवं महावीर समदानी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार राजेन्द्र शर्मा, विजय जैथलिया, सुनील पाटनी, पंकज पोरवाल, चेतन उपाध्याय, दुर्गेश पानेरी, पवन कुमार गर्ग, दीपेश नैनावटी, राजीव दाधीच एवं धर्मेन्द्र कोठारी को सचिव बनाया गया है। दिलीप सोनी को कार्यालय सचिव, अंकुर बोरदिया को प्रवक्ता तथा सीताराम सोनी को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया है।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रहलादराय सोडाणी, प्रेम उपाध्याय, पंकज त्रिपाठी, अनिल शर्मा, शिवानी शर्मा, सुधीर बूलिया, अंकुर सनाढ्य, रवि पायक, दीपेश छीपा, लक्की शर्मा, पुनीत चपलोत, अमित काबरा, प्रकाश चपलोत (पिन्टू), अमित शर्मा, अरुण मूछाल, विजय थावानी, विनोद सेन, आशीष पाराशर, देवेन्द्र सिंह नाथावत, नरेशगिरी गोस्वामी, देवेन्द्र द्विवेदी, विजय टेलर एवं किशोर पारदासानी को शामिल किया गया है।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रतिनिधि नियुक्त

अध्यक्ष सुखपाल जाट ने जिलेभर में प्रेस क्लब का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपखंडों एवं क्षेत्रों में जिला प्रतिनिधियों की भी नियुक्ति की है।

शाहपुरा, फूलियाकलां, बनेड़ा एवं रायला क्षेत्र में गणेश सुगन्धी, मेरू लक्षकार, रमेश पेशवानी, कमलेश शर्मा, के.के. भण्डारी, सत्यनारायण टेलर एवं रमेश दरगड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

माण्डल, करेड़ा एवं बागोर क्षेत्र में विनोद बिड़ला, सुरेन्द्र सागर, मनीष शर्मा, पुष्पकांत जोशी, सुरेश श्रोत्रिय, राजेश कोठारी एवं सुखदेव गाडरी को नियुक्त किया गया है। आसीन्द, बदनोर एवं गुलाबपुरा क्षेत्र में जसवन्त सिंह, अशोक श्रीमाल, मंजूर शेख, विजय सिंह, रोहित सोनी, सुनील बाबेल, प्रदीप रांका, रामेश्वर प्रसाद सोनी, रामकिशन वैष्णव, टीकम हेमनानी एवं परमेश्वर शर्मा को प्रतिनिधित्व दिया गया है। माण्डलगढ़, बीगोद, काछोला एवं बिजौलिया क्षेत्र में दिलीप मेहता, राकेश मीणा, केसरीमल मेवाड़, देवीलाल साहू, भंवर धाकड़, नरेन्द्र जैन, जगदीश सोनी, कपिल विजयवर्गीय, गिरधर पाराशर, महेन्द्र कुमार बाबेल एवं नजमा साबिर रंगरेज को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

जहाजपुर, पण्डेर, कोटड़ी एवं पारोली क्षेत्र में दिनेश पत्रिया, देवेन्द्र सिंह, रमेश भाट, श्यामसुन्दर शर्मा, अनिता बबलू पोखरना, बनवारी पाराशर एवं प्रभुलाल सोमानी को जिम्मेदारी दी गई है।

सहाड़ा, रायपुर एवं हमीरगढ़ क्षेत्र में सुरेश शर्मा, गोपाल लुहार, चेतन सुखलेचा, मनमोहन त्रिवेदी, सुभाष ओझा, अलाउद्दीन मंसूरी एवं श्याम गुर्जर को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

अध्यक्ष सुखपाल जाट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन की अपेक्षा जताई है।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

ढोल-नगाड़ों के साथ निकला सरपंच सुशीला सोमानी का स्वागत जुलूस

बरूंदनी में पदभार ग्रहण समारोह आयोजित, ग्रामीणों ने विकास कार्यों को गति देने की जताई उम्मीद



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

ग्राम पंचायत बरूंदनी में नवनिर्वाचित सरपंच सुशीला सोमानी के पदभार ग्रहण अवसर पर बुधवार को ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया। जुलूस गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरा, जहां ग्रामीणों ने फूलमालाओं एवं साफा पहनाकर सरपंच, उपसरपंच शिवप्रकाश खटीक और वार्ड पंचों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, पार्षद अशोक जीनगर, देवीपुरा सरपंच रामपाल सालवी, अर्जुन बमभट्ट, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रामराय लढ़ा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए गांव में सड़क, पेयजल, सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं के विकास की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का संचालन प्रभुलाल सोमानी ने किया।

कच्ची बस्ती के बच्चों संग मनाई दीपावली, बांटी खुशियां

मारवाड़ी महिला समिति ने जरूरतमंद बच्चों को दीपक, तेल, पटाखे और मिठाई सामग्री वितरित की



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दीपावली के पर्व पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए कच्ची बस्ती में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ दीपावली मनाई। समिति की ओर से बच्चों को दीपक, तेल, फूलझड़ियां, पटाखे और बिस्किट वितरित किए गए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस सेवा कार्य में समिति अध्यक्ष मधु लढ़ा, सचिव अनुपमा मंत्री, सह सचिव निर्मला बाहेती, सह पर्यावरण प्रमुख चेतना बसेर, कार्यालय संगिनी मधु हिंगड़, भावना बांगड़ सहित समिति की सदस्याएं मौजूद रहीं।

स्मृति वन में 248 विद्यार्थियों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का महत्व

इन्टेक की क्विज प्रतियोगिता में 15 विजेता सम्मानित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टेक) चैप्टर की ओर से स्मृति वन परिसर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे महेश पब्लिक स्कूल के 248 छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेकर प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्मृति वन में मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पौधों की विशेषताओं और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता के 15 विजेताओं को इन्टेक के जाजू ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय निदेशक दिनेश शारदा, प्रिंसिपल निधि झा एवं यशोदा मंडोवरा मौजूद रहे।

राम के वनगमन और दशरथ के पुत्र वियोग में प्राण त्यागने के प्रसंग ने दर्शकों को किया भावुक

गेगा का खेड़ा में रामलीला का चतुर्थ दिवस, केवट प्रसंग और चित्रकूट निवास का हुआ सजीव मंचन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

श्री लक्ष्मीनाथ रामायण मंडल गेगा का खेड़ा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की घोषणा से लेकर वनगमन, केवट प्रसंग, चित्रकूट निवास और राजा दशरथ के पुत्र वियोग में प्राण त्यागने तक के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। धार्मिक प्रसंगों के मंचन के दौरान पांडाल में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।

रामलीला का शुभारंभ राजा दशरथ द्वारा गुरु वशिष्ठ से श्रीराम के राज्याभिषेक को लेकर चर्चा करने और राजतिलक की घोषणा के प्रसंग



से हुआ। इसके बाद मंथरा-कैकेयी संवाद के माध्यम से कथा में नया मोड़ आया। कैकेयी ने अपने दो वरदानों के तहत भरत के राज्याभिषेक और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास देने की मांग की। इस प्रसंग में राजा दशरथ की व्याकुलता और कैकेयी के हठ का प्रभावशाली मंचन किया गया। इसके बाद श्रीराम-दशरथ, श्रीराम-सीता, श्रीराम-लक्ष्मण और लक्ष्मण-सुमित्रा संवाद प्रस्तुत किए गए। पिता के वचन का मान रखते हुए श्रीराम के वनगमन के निर्णय पर माता सीता और लक्ष्मण के भी साथ चलने का दृश्य दर्शकों के लिए भावुक क्षण बन गया। वनगमन के दौरान तमसा तट पर रात्रि विश्राम, निषादराज गुह से भेंट तथा सुमंत्र को अयोध्या वापस भेजने के प्रसंग भी मंचित किए गए।

केवट प्रसंग में भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने के दृश्य ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इसके बाद प्रयाग में भारद्वाज ऋषि से भेंट, महर्षि वाल्मीकि के साथ संवाद और चित्रकूट में निवास के प्रसंगों का मंचन हुआ। वहीं सुमंत्र के अयोध्या लौटने के बाद पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने तथा भरत को ननिहाल से बुलाने के लिए दूत भेजने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

रामलीला के माध्यम से कलाकारों ने मर्यादा, त्याग, कर्तव्यपालन, माता-पिता की आज्ञा के सम्मान और भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मंडल की ओर से प्रतिदिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है, जिससे गांव में धार्मिक माहौल बना हुआ है।

नवगठित ग्राम पंचायत चेनपुरिया के पहले सरपंच बने रतन लाल रेगर ने संभाला पदभार

134 मतों से दर्ज की थी जीत, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को विकास की प्राथमिकता बनाने का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन । नवगठित ग्राम पंचायत चेनपुरिया के पहले नवनिर्वाचित सरपंच रतन लाल रेगर ने बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद पदभार ग्रहण किया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों का साफा और माला पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। ग्राम पंचायत सचिव मंजू साहू ने सरपंच रतन लाल रेगर, उपसरपंच सोनी देवी जाट एवं समस्त वार्ड पंचों को विधिवत पदभार ग्रहण करवाया।

समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगर पालिका चेयरमैन श्वेता डांगी, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष





श्यामलाल अहीर, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शंकरनाथ, कल्याणपुरा सरपंच नारायण लाल धाकड़ एवं सरपंच प्रत्याशी भगवती लाल बलाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच रतन लाल रेगर ने कहा कि ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ गांव की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक विकास एवं निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर काम किया जाएगा। ग्रामीणों को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करने के साथ छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।गौरतलब है कि नवगठित ग्राम पंचायत चेनपुरिया में पहली बार हुए पंचायत चुनाव में रतन लाल रेगर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 134 मतों से पराजित कर सरपंच पद पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय ग्रामवासियों को देते हुए सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को लेकर नियमित सहायकों का प्रशिक्षण शुरू

एमएलवी टेक्सटाइल कॉलेज में दो दिवसीय प्रशिक्षण, जिला कलक्टर ने शुद्धता और गोपनीयता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों के तहत बुधवार से माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज में नियमित सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। 4 एवं 5 नवम्बर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न चार्ज से आए नियमित सहायक भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जनगणना देश का सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसके आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। ऐसे में सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, गोपनीयता एवं शुद्धता के साथ निभाएं।

उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. सोनल राज कोठारी ने जनगणना के द्वितीय चरण की प्रक्रिया, अधिकारियों एवं लिपिक वर्ग की जिम्मेदारियों तथा



निर्धारित समय-सीमा की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर डी.आर. गांधी एवं नरेंद्र ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर जानकारी दी। इसमें जनगणना प्रक्रिया, पोर्टल के माध्यम से गणना क्षेत्र का गठन, प्रशिक्षण एवं व्यवस्थाओं का प्रबंधन, उप गणना क्षेत्रों का निर्धारण, क्षेत्रीय नक्शे तैयार करना तथा मकान सूची एवं प्रभार रजिस्टर तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई।

प्रशिक्षण में जनगणना प्रबंधन पोर्टल का लाइव प्रदर्शन किया गया तथा नियमित सहायकों से व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया।



QUICK BITES

तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव की तैयारियां तेज, चारभुजानाथ को दिया बारात का न्योता

20 नवम्बर को मेडिसिटी ग्राउंड पर होगा 16108 तुलसी-शालिग्राम विवाह महामहोत्सव, 17 नवम्बर से शुरू होंगे आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



धर्मनगरी भीलवाड़ा में 20 नवम्बर को आयोजित होने वाले 16108 श्री तुलसी-शालिग्राम विवाह महामहोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बुधवार को महोत्सव के सूत्रधार श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज के सानिध्य में मंगल लग्न पत्रिका का विधिवत लेखन किया गया। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए तथा मेवाड़ के आराध्य श्री गढ़बोर चारभुजानाथ सहित विभिन्न मंदिरों में विराजित भगवान चारभुजानाथ को बारात लेकर पधारने का निमंत्रण दिया गया।

सकल सनातन परिवार की प्रेरणा से श्री तुलसी शालिग्राम विवाह समिति के तत्वावधान में हो रहे आयोजन के तहत बड़े चारभुजाजी मंदिर, दूधाधारी गोपाल मंदिर, संजय कॉलोनी चारभुजा मंदिर एवं मांडल के शेषसहाय चारभुजा मंदिर में यजमान परिवारों ने श्रद्धालुओं के साथ लग्न पत्रिका समर्पित की। श्री गढ़बोर चारभुजानाथ को निमंत्रण देने के लिए यजमान राधेश्याम रितेश चेचाणी परिवार एवं समिति सदस्य 21 वाहनों के काफिले के साथ जाएंगे। वहीं 11 नवम्बर को नौगांवा, सुभाषनगर, गायत्रीनगर, पटेलनगर एवं सांगानेर के मंदिरों में भी निमंत्रण दिया जाएगा। समिति संयोजक एस.एन. गग्गड़ ने बताया कि श्री तुलसीजी के धर्म माता-पिता बनने के लिए श्रद्धालुओं के आग्रह पर अंतिम तिथि के बाद भी पंजीयन जारी है। उन्होंने अधिकाधिक दंपतियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागी बनने तथा कार्यकर्ताओं से महोत्सव की सफलता के लिए सहयोग करने की अपील की।

महोत्सव के कार्यक्रम 17 नवम्बर से शुरू होंगे। 17 से 19 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक मेडिसिटी ग्राउंड पर रुक्मिणी मंगल कथा होगी, जिसका वाचन श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज करेंगे। 20 नवम्बर को मुख्य विवाह महामहोत्सव आयोजित होगा।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, राजेंद्र कचोलिया, एस.एन. गग्गड़, दिनेश विजयवर्गीय, कैलाश काबरा, हेमेंद्र शर्मा, रजनीकांत आचार्य सहित समिति पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने किया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज होगी जाट समाज की बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना

राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चौथे सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को आम चौखला जाट समाज की बैठक आयोजित होगी। बैठक कोटड़ी स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में बनी जाट धर्मशाला में होगी। इसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित समाज के आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चंद्र गोदारा ने बताया कि इस बार जाट समाज का चौथा सामूहिक विवाह सम्मेलन कोटड़ी श्याम में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। बैठक में लीलण रथ, जाट संगम और सामूहिक विवाह सम्मेलन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा के पदाधिकारियों सहित आम चौखला जाट समाज के बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। इस दौरान आयोजन की व्यवस्थाओं, समाज की सहभागिता और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी।



नवगठित ग्राम पंचायत धामनिया की सरपंच लाड़ कंवर ने संभाला पदभार

समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने किया स्वागत-अभिनंदन, विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का दिलाया भरोसा

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत धामनिया की नवनिर्वाचित सरपंच लाड़ कंवर ने समारोहपूर्वक विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान अतिथियों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में शंभू सिंह राजपूत, राजगढ़ सरपंच बद्रीलाल गुर्जर, थलकलां सरपंच हरीश चौधरी, रलायता सरपंच भैरूलाल जाट तथा गणेशपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच बेरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नवगठित ग्राम पंचायत के गठन से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पंचायत क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता से होना चाहिए। साथ ही सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।

नवनिर्वाचित सरपंच लाड़ कंवर ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी से कार्य किया जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के साथ सभी के सहयोग से पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास रहेगा।

इस अवसर पर प्रिंसिपल जगदीश चंद्र मंत्री, समस्त वार्ड पंच, पूर्व सरपंच भवानी शंकर शर्मा, पूर्व प्रधान कन्हैयालाल जाट, पूर्व प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा सहित अनेक प्रबुद्धजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

शोभाजी का खेड़ा से टिटोड़ा जागीर, सरथला और काछोला जाने वाले मार्ग पर डामरीकरण शुरू

लंबे समय से गिट्टी सड़क से परेशान ग्रामीणों को मिलेगी राहत, धूल-मिट्टी से मिलेगी निजात, आवागमन होगा सुगम

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



क्षेत्र में लंबे समय से गिट्टी सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। शोभाजी का खेड़ा से टिटोडा जागीर, सरथला और काछोला को जोड़ने वाले मार्ग पर आखिरकार डामरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। सड़क पर डामर बिछाने का काम शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी है और उन्हें आवागमन की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

गौरतलब है कि यह मार्ग लंबे समय से गिट्टी रोड के रूप में बना हुआ था। डामरीकरण नहीं होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। वाहनों की आवाजाही से दिनभर धूल-मिट्टी उड़ती रहती थी, जिससे आसपास के ग्रामीणों और दुकानदारों को भी असुविधा होती थी।

अब शोभाजी का खेड़ा के पास सड़क पर डामरीकरण शुरू होने से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। कार्य पूरा होने के बाद न केवल धूल-मिट्टी की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि टिटोडा जागीर, सरथला और काछोला सहित आसपास के गांवों के बीच आवागमन भी सुगम होगा। लंबे समय से सड़क सुधार की मांग कर रहे ग्रामीणों को अब पक्की सड़क की सुविधा मिलने जा रही है।

दीपावली सजावट प्रतियोगिता के लिए सात सदस्यीय निर्णायक कमेटी गठित

7 से 9 नवंबर तक बाजारों का निरीक्षण कर सामूहिक, सर्कल और व्यक्तिगत सजावट के विजेताओं का होगा चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

दीपावली के अवसर पर शहर में आकर्षक सजावट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं जवाहर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीपावली सजावट प्रतियोगिता-2026 के लिए सात सदस्यीय निर्णायक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी विभिन्न बाजारों का निरीक्षण कर उत्कृष्ट सजावट का चयन करेगी। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि यूनेस्को एसोसिएशन पिछले 40 वर्षों से दीपावली सजावट प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य सेवा और सद्भाव के साथ क्षेत्रीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक पर्वों को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला यूनेस्को एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल गठित किया गया है।

कमेटी में यूनेस्को के पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, प्रवक्ता मधु लोढ़ा, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, संगठन मंत्री कमलेश जाजू एवं साधना मेलाना को सदस्य बनाया गया है।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि निर्णायक मंडल 7 से 9 नवंबर तक शहर के विभिन्न बाजारों का निरीक्षण करेगा। प्रतियोगिता में सामूहिक सजावट, सर्कल सजावट एवं व्यक्तिगत सजावट श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों का चयन किया जाएगा।

चाँदजी की खेड़ी में नवनिर्वाचित सरपंच कैलाश चंद सुथार ने ग्रहण किया पदभार ,पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने दी शुभकामनाएं, कहा- गांव के विकास में सभी मिलकर करें सहयोग

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया :



विकास जैन। बिजोलिया पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चाँदजी की खेड़ी में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच कैलाश चंद सुथार ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने नवनिर्वाचित सरपंच को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों को आपसी भेदभाव भुलाकर ग्राम पंचायत के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में सभी की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। ग्राम की सेवा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

नवनिर्वाचित सरपंच कैलाश चंद सुथार ने कहा कि ग्राम पंचायत की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। पेयजल, रोड लाइट, नालियों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य गांव की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाएंगे।

इस दौरान सलावटिया सरपंच गीता मालवीय, आरोली सरपंच कालूलाल गुर्जर, भेरूलाल सोनी, कैलाश चंद्र धाकड़, वीरेंद्र कुमार पहाड़िया, कैलाश काला, लोकेश सेन, उपसरपंच जगदीश धाकड़ सहित सभी वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आईटीआई माण्डलगढ़ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

182 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया भाग, निःशुल्क शिक्षा के अधिकार और कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधी दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) माण्डलगढ़ में बुधवार को तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम को लेकर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं समिति अध्यक्ष प्रिया मीणा के निर्देशन में आयोजित शिविर में करीब 182 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में पीएलवी कमलेश सुखवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के प्रावधानों तथा शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और इसके प्रति जागरूकता आवश्यक है।

इस दौरान संस्थान अधीक्षक वनफूल जाट ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण एवं कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित कार्यप्रणाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिविर के आयोजन के लिए तालुका विधिक सेवा समिति एवं संस्थान परिवार का आभार व्यक्त किया। शिविर में समूह अनुदेशक राम विलास कुमावत, वरिष्ठ अनुदेशक लोकेश कुमार माली, बद्रीलाल कुमावत, ऋषि राज कुमावत, पंकज कुमार बारेठ, शिव प्रकाश धाकड़, शोभालाल धोबी, ज्योति बाला जोशी एवं कविता चौधरी सहित संस्थान के अनुदेशक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं बाल अधिकारों की दी कानूनी जानकारी

साधु सीताराम दास पार्क व भील बस्ती में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 25 बच्चों ने लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में बुधवार को साधु सीताराम दास पार्क एवं भील बस्ती में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के अधिकार सहित विभिन्न बाल अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं पीएलवी अंजली नायक ने बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। उन्होंने बच्चों को बताया कि शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे को पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने का भी अधिकार है।

इस दौरान बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया गया।

नीम का खेड़ा सरपंच सीता भील ने विधायक गोपाल खंडेलवाल की मौजूदगी में संभाला पदभार

अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:15 बजे हुआ पदभार ग्रहण, समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि रहे मौजूद





भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

ग्राम पंचायत नीम का खेड़ा की नवनिर्वाचित सरपंच सीता भील ने बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:15 बजे विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लेकर नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया। समारोह में विधायक गोपाल खंडेलवाल के साथ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता डांगी, संजय डांगी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्म, पूर्व मंडी चेयरमैन रतनलाल खटीक, श्यामलाल अहीर, बूथ अध्यक्ष कालू सिंह शक्तावत, मोहनपुरा के पूर्व सरपंच रामस्वरूप तेली, कैलाश तेली, गेणोली सरपंच प्रतिनिधि देवेश शर्मा, उपसरपंच धर्मराज मीणा, नीम का खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि रमेश भील, उपसरपंच शैतान गुर्जर, पूर्व सरपंच रतीराम रेबारी एवं पूर्व उपसरपंच शंकर गुर्जर सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चेनपुरिया सरपंच रतन लाल रेगर ने संभाला पदभार, गांव के विकास को बताया प्राथमिकता

उपसरपंच एवं वार्ड पंचों का साफा-माला पहनाकर किया अभिनंदन, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



नवसृजित ग्राम पंचायत चेनपुरिया में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच रतन लाल रेगर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित समारोह में उपसरपंच सोनी देवी जाट सहित समस्त वार्ड पंचों का भी पदभार ग्रहण करवाया गया। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

ग्राम पंचायत सचिव मंजू साहू ने सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों को पदभार ग्रहण करवाया। समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, चेयरमैन श्वेता डांगी, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शंकरनाथ, कल्याणपुरा सरपंच नारायण लाल धाकड़, सरपंच प्रत्याशी भगवती लाल बलाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान सरपंच रतन लाल रेगर ने कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

QUICK BITES

बरून्दनी में 15 नवंबर को लगेगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 15 नवंबर को बरून्दनी में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला अंधत्व निवारण समिति भीलवाड़ा की प्रशासनिक अनुमति एवं आर्थिक सहयोग से आयोजित यह शिविर स्वर्गीय नगीन बाई गट्टयाणी की स्मृति में संस्कार शिक्षा निकेतन, बरून्दनी में लगाया जाएगा।

शिविर का आयोजन गोमाबाई नेत्रालय की ओर से किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसमें नेत्र विशेषज्ञों की ओर से मरीजों की आंखों की जांच कर विभिन्न नेत्र रोगों के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।

शिविर में मोतियाबिंद सहित आंखों से जुड़ी अन्य बीमारियों की जांच की जाएगी। जांच के दौरान जिन मरीजों को आगे उपचार की आवश्यकता होगी, उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया एवं उपलब्ध उपचार सुविधाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है।

लक्ष्मीखेड़ा में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने संभाला कार्यभार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



ग्राम पंचायत लक्ष्मीखेड़ा के नवीन भवन में बुधवार को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सरपंच सुरेश भील, उपसरपंच कैलाश धाकड़ सहित सभी नवनिर्वाचित वार्ड पंचों ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उनसे ग्राम विकास और जनसमस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई।

ग्राम विकास अधिकारी आनंद आलोरिया की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। ग्रामीणों ने सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों का स्वागत-अभिनंदन कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इलेक्ट्रिक झालरों के बीच मिट्टी के दीयों की लौ बचाने में जुटे कुम्हार

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



दीपावली नजदीक आते ही कुम्हार परिवार मिट्टी के दीये और पारंपरिक सजावटी सामग्री बनाने में जुट गए हैं। सवाईपुर के ईश्वरलाल और भैरूलाल सहित क्षेत्र के कारीगर पीढ़ियों से चली आ रही इस कला को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, ढेलाणा के शंकरलाल जाजुदा भी मिट्टी के दीपक तैयार कर रहे हैं।

कारीगरों का कहना है कि इलेक्ट्रिक झालरों और आधुनिक सजावटी सामान के बढ़ते चलन से मिट्टी के दीयों की मांग प्रभावित हुई है। महंगी मिट्टी और जलावन के कारण लागत बढ़ गई है, जबकि उचित दाम नहीं मिल रहे। 50 रुपये सैकड़ा दीये बेचने पर भी ग्राहकों की ओर से मोलभाव किया जाता है। कारीगरों ने लोगों से दीपावली पर मिट्टी के दीये खरीदकर स्थानीय शिल्प और स्वदेशी परंपरा को बढ़ावा देने की अपील की। उनका कहना है कि मिट्टी का दीया केवल घर को रोशन नहीं करता, बल्कि कुम्हार परिवारों की आजीविका को भी सहारा देता है।

जापान की एनिकी चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन की ओर से जापान की प्रतिष्ठित एनिकी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। नेशनल फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन फॉर जापान के सहयोग से सांगानेर रोड स्थित इंडस वैली इंटरनेशनल स्कूल, मीरा कॉन्वेंट एवं लोटस वैली स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रकृति, पेड़-पौधों, पर्यावरण सहित अपनी पसंद के विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए।

प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों की कल्पनाशक्ति, एकाग्रता और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। जिला यूनेस्को प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को निशुल्क ड्राइंग शीट, कलर बॉक्स, बैनर एवं अन्य स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई। विजेताओं को कलर बॉक्स और स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला यूनेस्को अध्यक्ष ललित अग्रवाल, जवाहर फाउंडेशन प्रभारी रजनीश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, वैभव जोशी, विशाल विजयवर्गीय, राधा अग्रवाल, अनुराधा झा, प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा सहित यूनेस्को के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।